# डॉलरीकरण और आर्थिक बदलाव

## प्रिलिम्स के लिये:

डॉलरीकरण, मुद्रास्फीति, विनिमय दरें, मौद्रिक नीति, डी-डॉलरीकरण, भारत के व्यापार समझौते, विशेष वोस्ट्रो रुपया खाते

## मेंस के लिये:

डॉलरीकरण से संबंधित प्रमुख चुनौतियाँ, डी-डॉलरीकरण प्रथाओं में वृद्धि के कारण।

स्रोत: द हिंदू

## चर्चा में क्यों?

गंभीर मुद्रास्फीति और व्यापक निर्धनता से त्रस्त अर्जेंटीना को एक निर्णायक क्षण का सामना करना पड़ रहा है। डॉलरीकरण को देश की आर्थिक चुनौतियों के संभावित समाधान के रूप में देखा जाता है।

- अर्जेंटीना के हाल ही में निर्वाचित राष्ट्रपति ने **अर्जेंटीना पेसो को डॉलर से बदलने** का वादा किया है। हालाँकि **अर्जेंटीना में डॉलर भंडार की कमी के कारण डॉलरीकरण के तत्काल कार्यान्वयन की संभावना प्रतीत नहीं** होती है।
- डॉलरीकरण किसी देश में **प्राथमिक मुद्रा के रूप में स्थानीय मुद्रा की जगह या पूरक के रूप में संयुक्त राज्य डॉलर का उपयोग करना तथा अपनाना** है।

## डॉलरीकरण किसी अर्थव्यवस्था को कैसे बचा सकता है?

- **मुद्रास्फीति को स्थिर करना:** अनियंत्रित धन आपूर्ति के कारण बढ़ती कीमतों के चक्र को तोड़कर, **स्थिर मुद्रा शुरू करके डॉलरीकरण संभावित रूप से हाइपरइन्फ्लेशन पर अंकुश** लगा सकता है। यह स्थिरीकरण **अर्थव्यवस्था में विश्वास** को बढ़ावा देता है, **निवेश और उपभोक्ता व्यय को प्रोत्साहित** करता है।
- **उन्नत व्यापार अवसर:** एक डॉलर आधारित अर्थव्यवस्था निर्यात-उन्मुख रणनीतियों **पर ध्यान केंद्रित करके उन्हें** प्रोत्साहित करती है।
  - स्थिर मुद्रा के साथ, विदेशी निवेशक विदेशी व्यापार को बढ़ावा देने के साथ संलग्न होने के लिये अधिक इच्छुक हैं। निर्यात के प्रति यह अभिविन्यास आर्थिक विकास और स्थिरता को बढ़ावा दे सकता है।
- **दीर्घकालिक योजना:** एक स्थिर डॉलर मूल्य बेहतर दीर्घकालिक आर्थिक योजना की अनुमति देता है। **स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों प्रकार के व्यवसाय, घरेलू मुद्रा के मूल्यह्रास** की अस्थिरता से बाधित हुए बिना अधिक **सटीक पूर्वानुमान और निवेश** कर सकते हैं।
- **सट्टेबाज़ी के जोखिमों में कमी:** डॉलरीकरण विनिमय दरों **में उतार-चढ़ाव से जुड़े सट्टेबाज़ी के जोखिमों** को कम कर सकता है।
  - यह स्थिरता विदेशी निवेशकों को आकर्षित कर सकती है, क्योंकि इससे उन्हें कम जोखिम मिलने की अनुभूति होती है, जिससे अंततः पूंजी प्रवाह और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलता है।
- **वित्तीय अनुशासन:** मौद्रिक नीति पर नियंत्रण हटाकर डॉलरीकरण सरकारों को आर्थिक स्थिरता के लिये **राजकोषीय नीतियों पर भरोसा करने के लिये मजबूर** करता है।
  - यह बदलाव अधिक **विवेकपूर्ण राजकोषीय प्रबंधन को प्रोत्साहित** कर सकता है, साथ ही संभावित रूप से **सरकारी अपव्यय पर भी अंकुश** लगा सकता है और **आर्थिक अनुशासन को बढ़ावा** दे सकता है।

## पूर्णतः डॉलर आधारित अर्थव्यवस्था: इक्वाडोर

- इक्वाडोर की अर्थव्यवस्था इस संदर्भ में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। वर्ष **2000** के दशक **में** डॉलरीकरण के पश्चात प्रारंभिक **राजनीतिक उथल-पुथल** के बावजूद, **देश ने आर्थिक प्रगति का अनुभव किया**। कम मुद्रास्फीति दर, कम ऋण अनुपात और बेहतर सामाजिक कल्याण ने इस तरह के कदम के संभावित लाभों को प्रदर्शित किया।
- हालाँकि **इक्वाडोर की सफलता केवल डॉलरीकरण के कारण नहीं थी।** 2000 के दशक के दौरान बढ़ते तेल और गैस भंडार ने आर्थिक विकास में

महत्त्वपूर्ण योगदान दयिा। इसके अलावा, वस्तिारति सरकारी हस्तक्षेप और सामाजकि खर्च ने समृद्धकिो बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमकिा नभिाई।

## डॉलरीकरण से जुड़ी प्रमुख चुनौतयिाँ क्या हैं?

- **नीतगित बाधाएँ:** डॉलरीकरण कसिी देश की **मौद्रकि नीतकिो स्वतंत्र रूप से प्रबंधति करने की क्षमता को महत्त्वपूर्ण रूप से सीमति** कर देता है।
    - [मुद्रा आपूर्ति]और ब्याज दरों पर नयिंत्रण खोने से सरकार की आर्थकि मंदी का जवाब देने की क्षमता बाधति हो सकती है।
- **आर्थकि आघात भेद्यता:** स्थरि मुद्रा के साथ **डॉलर वाली अर्थव्यवस्थाएँ बाह्य आर्थकि आघातों के प्रतअिधकि संवेदनशील** हो सकती हैं।
    - उनके पास वैश्वकि आर्थकि माहौल में अचानक आए बदलावों को संतुलति करने के लयि वनिमिय दरों को समायोजति करने के लचीलेपन का अभाव है।
    - ग्रीस की स्थतिविदिेशी मुद्रा अपनाने से संबंधति मुद्दों के लयि एक चेतावनी उदाहरण है।
        - हालाँक**िग्रीस द्वारा यूरो का उपयोग शुरू करने के बाद** कुछ वृद्धहिुई थी, **यूरोज़ोन संकट** ने अपनी नीतयिों पर नयिंत्रण के बनिा मुद्रा का उपयोग करने की समस्याओं को दखिाया।
        - ग्रीस को यूरो का उपयोग करने के बदले में **सख्त बजट कटौती** और वत्तिीय सहायता स्वीकार करनी पड़ी।
- **सीमति नर्यािात प्रतस्पिर्धात्मकता: वनिमिय दर पर नयिंत्रण खोने से नर्यािात प्रतस्पिर्धात्मकता बढ़ाने के लयि एक उपकरण के रूप में मुद्रा अवमूल्यन का उपयोग करने की देश की क्षमता सीमति हो सकती है।**
- **आंतरकि असंतुलन को दूर करने में असमर्थता:** डॉलरीकरण **अर्थव्यवस्था के भीतर आंतरकि संरचनात्मक मुद्दों को संबोधति नहीं कर सकता है।**
    - वदिेशी मुद्रा पर नर्भिरता **आंतरकि सुधारों की आवश्यकता पर भारी पड़ सकती है**, जैसे **उत्पादकता में सुधार या आय असमानता को संबोधति करना,** जो नरिंतर आर्थकि वकिास के लयि महत्त्वपूर्ण है।

**नोट:** IMF ने वर्ष 2022 में पाया कदिुनयिा भर के केंद्रीय बैंक अमेरकिी डॉलर में उतनी मात्रा में भंडार नहीं रख रहे हैं जतिना कवि पहले रखते थे।

## डी-डॉलरीकरण क्या है?

- **परचिय:** [डी-डॉलरीकरण] कसिी देश या क्षेत्र द्वारा अपनी वत्तिीय प्रणाली या अर्थव्यवस्था में अमेरकिी डॉलर पर**नर्भिरता को कम करने के लयि जानबूझकर या अनजाने में की गई एक प्रक्रयिा** को संदर्भति करता है।
    - इसमें **लेन-देन, भंडार, व्यापार** या वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य नर्धारिण के मानक के रूप में डॉलर के उपयोग को कम करने के उद्देश्य से वभिन्नि उपाय शामलि हो सकते हैं।
- **संबद्ध कारण:** सरकारें कई कारणों से डी-डॉलरीकरण का प्रयास कर सकती हैं, जैसे क[िअमेरकिी मौद्रकि नीत]ि के प्रभाव को कम करना, आर्थकि संप्रभुता का दावा करना, डॉलर के उतार-चढ़ाव के प्रभावों को कम करना, या वैश्वकि वत्ति में अधकि स्वतंत्रता की मांग करना।
- **डी-डॉलरीकरण के लयि रणनीतयिाँ:** इसमें मुद्रा भंडार में ववििधिता लाना, [व्यापार समझौतों] में वैकल्पकि मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देना, मुद्रा स्वैप समझौते स्थापति करना या वत्तिीय लेनदेन में क्षेत्रीय मुद्राओं के उपयोग को प्रोत्साहति करना शामलि हो सकता है।
    - उदाहरण के लयि, **मार्च 2023 में** RBI ने 18 देशों के साथ रुपए के व्यापार नपिटान के लयि तंत्र स्थापति कयिा।
        - इन देशों के बैंकों को भारतीय रुपए में भुगतान के नपिटान के लयि [वशिेष वोस्ट्रो रुपए खाते (SVRAs)] खोलने की अनुमतदिी गई है।

## नषि्कर्ष:

- **प्रभावी घरेलू नीतयिों के साथ** डॉलरीकरण आर्थकि **सफलता का मार्ग प्रशस्त कर सकता है**। हालाँकइिसकी प्रभावकारतिा स्वतंत्र आर्थकि रणनीतयिों की आवश्यकता के साथ **स्थरिता** के लाभों को संतुलति करते हुए सूक्ष्म **नीतकिार्यान्वयन पर नर्भिर करती है।**

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न (PYQ)

***??????????:***

**हाल ही में IMF के SDR बास्कोट में नम्निलखिति में से कसि मुद्रा को जोड़ने का प्रस्ताव दयिा गया है?**

(a) रूबल
(b) रैंड

(c) भारतीय रुपया
(d) रेनमनिबी

**Ans: (d)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dollarisation-and-economic-shifts